<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का किया अनावरण। कहा– राष्ट्र तभी मजबूत होगा जब हम एक होंगे।
- मथुरा में परिक्रमा मार्ग और हाइवे पर बढ़ायी जायेगी सुरक्षा। प्रभावी बनायी जायेगी यातायात व्यवस्था। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– कानून व्यवस्था का मॉडल पेश कर रही यूपी पुलिस।
- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी। मथुरा और वृन्दावन में विशेष आयोजन।
- अब इकतीस अगस्त तक भर सकेंगे यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा के फार्म।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आगरा में मारवाड़ के सेनापति रहे राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। राष्ट्र तभी मजबूत होगा, जब हम एक होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को उन नकारात्मक शक्तियों से सावधान रहना चाहिए, जो समाज को जाति और भाषा के नाम पर बांटते हैं।

***आगरा ब्रज भूमि का एक महत्वपूर्ण स्थल है यहां कला है यहां विश्वास है यहां आस्था है यहां समर्पण है। राष्ट्रनिष्ठा व्यक्तिगत कर्तव्यों से आगे बढ़ती है। पंचप्रण में प्रधानमंत्री जी ने कहा कि गुलामी को समाप्त करेंगे, अपने वीरों का, सैनिकों का सम्मान करेंगे, एकता और एकात्मता के लिये कार्य करेंगे। किसी को भी समाज में विभेद फैलाने की छूट नहीं देंगे। जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर तमाम अन्य वादों के आधार पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहेंगे और अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भारत को दुनिया की सबसे ताकत के रूप में स्थापित करेंगे।***

उन्होंने राष्ट्र वीर राठौर के देश के अस्मिता के प्रति समर्पण का जिक्र करते हुए कहा कि नयी पीढ़ी को ऐसे शूरवीरों के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री योगी ने कहा कि आगरा के रज–रज और कण–कण में भगवान श्रीकृष्ण का वास है, यहां कला है, विश्वास है और समर्पण है। यही विश्वास और आस्था, कला–संस्कृति राष्ट्र प्रतिष्ठा के साथ आगे बढ़नी चाहिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए मथुरा को जल्द सेफ सिटी के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रजमण्डल में कोई स्थानीय निवासी हो, पर्यटक या श्रद्धालु हर किसी की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। सभी की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए, अधिकारी इसे सुनिश्चित करायें। श्री योगी ने कहा कि परिक्रमा मार्गों और हाइवे पर सुरक्षा बढ़ायी जाय, बाइक और पीआरबी हर चौराहे, कोने पर गश्त करें। उन्होंने इंटीग्रेटड ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम को प्रभावी बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि शहर में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाएं। साथ ही, संवेदनशील और भीड़–भाड़ वाली जगहों पर लगातार पुलिस की मौजूदगी बनी रहे।

ब्रज क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भी टूटी हुयी अथवा गड्ढे वाली सड़कें नहीं दिखायी देनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को और प्रभावी बनाने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के लिये मोहल्ला समितियों जैसी जनसहभागिता को उपयोगी बताया। उन्होंने मथुरा–वृन्दावन क्षेत्र में स्वच्छता के लिये अतिरिक्त मैन पावर तैनात करने के साथ ही कूड़ा प्रबंधन के लिये प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिये।

श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्बन्ध में सभी पक्षों से बातचीत की जायेगी। सभी को आश्वस्त करें कि किसी को भी उजाड़ा नहीं जायेगा। बैठक में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मीनारायण, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अलावा बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल ने हानि लाभ की चिन्ता के बिना कर्म को प्रधान माना। जिस पुलिस और प्रदेश को सबसे पिछड़ा मान लिया गया था आज वह देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। यूपी पुलिस कानून व्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत कर रही है।

मुख्यमंत्री कल लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइंस में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पन्द्रह सौ पचासी स्थानों, पचहत्तर पुलिस लाइन्स और नब्बे से अधिक जेलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन हो रहा है, जो दस साल पहले तक सम्भव नहीं था। पूर्ववर्ती सरकारें सोचती थीं कि ऐसे आयोजनों से क्या लाभ होगा। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप दो हजार सैंतालीस की पीढ़ी को हम विकसित भारत देंगे, जहां हर चेहरे पर खुशहाली होगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**********

प्रदेश भर में कल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन करने के लिये पहुंचते रहे। सभी थानों और पुलिस लाइन्स में भी भव्य झांकी सजायी गयी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म स्थान मथुरा और वृन्दावन में खास उत्साह देखा गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कान सहित मथुरा के सभी मंदिरों में विशेष साज–सज्जा की गयी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा पहुंच कर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन–पूजन किये। उन्होंने शाम को लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन्स के साथ ही अपने गृह जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा–अर्चना की।

उधर, काशी के प्रमुख और प्राचीन भगवान आदि केशव मंदिर में भी भव्य आयोजन हुआ। अमरोहा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का खास उत्साह देखने को मिला। यहां ऐतिहासिक राम ढोल शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें मनमोहक झांकियों ने सभी को आकर्षित किया। इसी तरह अयोध्या, आगरा, कानपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, झांसी सहित विभिन्न जिलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

**********

मिशन रोजगार के तहत आज वाराणसी में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में युवाओं को देश–विदेश में नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। रोजगार मेले में नौ से अधिक बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।

***वाराणसी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रभारी दीप सिंह ने बताया कि स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर युवाओं को देश–विदेश में नौकरी पाने का अवसर प्रदान कर रहा है।***

***इस रोजगार मेले में क्यूएस कॉर्प लिमिटेड, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, जनकल्याण ट्रस्ट, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट कंपनी ऑफ ग्रुप, खेतीहर ऑर्गेनिक सॉल्यूशंस, गीगा कॉर्पसोल, कहारवार एडुकेयर जैसी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं और रोजगार मेले में भाग लेने के लिए सैकड़ों युवाओं ने पोर्टल rojgaarsangam.up.gov. in पर पंजीकरण कराया है।***

***आज यह संख्या और बढ़ने की संभावना है. रोजगार मेला प्रभारी ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है. आज भी पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में हिस्सा लिया जा सकता है। सुशील चन्द्र तिवार आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

केन्द्र सरकार की यूनीफाइड पेंशन स्कीम–यूपीएस आगामी एक अप्रैल दो हजार पच्चीस से लागू हो जायेगी। उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल रेल प्रबंधक सचिन्द्र मोहन शर्मा ने इस योजना को कर्मचारियों के हित में बताया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पास न्यू पेंशन स्कीम या यूनीफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का विकल्प है, लेकिन यूपीएस सुनिश्चित पेंशन की गारण्टी देती है। इस स्कीम से तेइस लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

***अभी सारे कर्मचारी एनपीएस में है जो 2004 के बाद जिन्होंने ज्वाइन किया है तो एक उनको विकल्प मिल रहा है कि वह यूपीएस में आ जायें। यूपीएस के पांच मोटे–मोटे फायदे हैं। एक तो ये है कि फिफ्टी परसेंट पेंशन दी जायेगी जो लास्ट ट्वेल्स महीने की सेलरी है उसके बेसेस पर यह कैलकुलेट की जायेगी और फैमिली पेंशन भी है जो पेंशन कर्मचारी को मिलती है यदि डेथ हो जायेगी जो 60 प्रतिशत उनको फैमली पेंशन दी जायेगी। इसके अलावा जो मिनिमम क्वालीफाइंग सर्विस है वह दस साल है और पच्चीस साल तक दस साल में भी मिनिमम दस हजार की पेंशन तो दी ही जायेगी, इसमें जो गवर्नमेंट कॉन्ट्रिब्यूशन है वो चौदह परसेंट से बढ़ा के अब साढ़े अट्ठारह परसेंटर कर दिया गया है और इसके अलावा एक लम सम पेमेंट भी दी जायेगी। डिपेंडिंग ऑन इयर्स ऑफ सर्विस तो ये एडिशिनल फायदे हैं इसमें जो लोग रिटायर कर गये हैं दो हजार चार और दो हजार पच्चीस फस्ट अप्रैल टवेंटी फाइव जब से ये लागू है वो भी एक्सरसाइज कर सकते हैं, ऑप्शन।***

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जिन छात्रों ने दसवीं और बारहवीं परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये फार्म नहीं भरा था, वे नयी समय–सारिणी के अनुसार इकतीस अगस्त तक सौ रूपये विलम्ब शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं। शिक्षा परिषद ने फार्म भरने की अन्तिम तारीख सोलह अगस्त तय की थी।

**********